>

Title: Regarding grenade attack near Laxmi Narayan Mandir in Badarwah, Jammu & Kashmir.

चौ. लाल सिंह (ऊधमपुर): सभापति महोदय, मैं एक अहम मसले की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। भदरवाह में लक्ष्मी नारायण मन्दिर में जून के महीने में एक डिप्टी एस.पी. को मार दिया गया था। जब वह एक मकान के अंदर वह पूछने गये कि वहां मिलिटैंट्स तो नहीं हैं, इतनी देर में मिलिटैंट्स ने उसे मार दिया। यह वाकया जून महीने का है। उसके बाद जुलाई माह में हुआ और चार दिन पहले 28 तारीख को जब लोग पूजा करने जा रहे थे, लोगों की काफी भीड़ थी, उस समय एक ग्रेनेड फैंका गया। इस हमले से 8-10 लोग जख्मी हो गये। इसके बाद फिर ग्रेनेड फैंका गया। लोग इनसिक्योर हैं, परेशान हैं People are very much frustrated. लोगों ने भदरवाह शहर में बंद किया। मेरा कहना है कि शाली सिंह, डीएसपी एक बहुत ही अच्छी पर्सेनैलिटी थी और एक बहुत ही ऑनेस्ट आफिर था। उनके मरने के बाद जिस आदमी को वे पकड़ने गए थे, पुलिस ने उसको अरैस्ट किया। अभी पता चला कि थोड़े दिन पहले उसको छोड़ दिया गया है। मेरे कहने का मकसद है कि इस मसले पर भारत सरकार की तरफ से इंटरवैन्शन होना चाहिए और इस मामले पर सीरियस नोट लिया जाना चाहिए ताकि भदरवाह में जो भाई-चारा खराब होने जा रहा है, वह बचाया जा सके और वहां अमन-चैन रहे।